# चलती इलेक्ट्रिक बाइक में लगी आग पिता-पुत्र ने कूद कर बचाई जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नागपुर रोड स्थित कामठी ज्वेलर्स के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक चलती इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में अचानक आग लग गई। वाहन पर सवार दोनों युवक समय रहते उतर गए और बाल-बाल बच गए, जबकि वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।



वाहन मालिक चंद्रकांत अलोने ने बताया कि उन्होंने यह इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर वाहन तीन साल पहले डेल्टा कंपनी से खरीदा था और नियमित रूप से इसकी सर्विसिंग भी कराते थे। गुरुवार को बाइक उनका बेटा चला रहा था, उनके अनुसार सबसे पहले वाहन से शॉर्ट सर्किट जैसी बदबू आई और कुछ ही सेकेंड में उसने आग पकड़ ली।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हादसे के कारण नागपुर रोड पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। गाड़ी मालिक श्री अलोने ने कहा कि गाड़ी तो चली गई, लेकिन गनीमत रही कि बेटा सुरक्षित है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

बता दें कि यह पहली घटना नहीं है इसके भी पहले परासिया रोड, स्टेशन रोड, कोयलाचंल क्षेत्र और हर्रई के पास भी घटना घटित हो चुकी है। ऐसी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की तकनीकी जांच करवाई जाना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटना से बाईक या स्कूटी चलाने वाले उपभोक्ता को कोई क्षति न हो। बहरहाल छिन्दवाड़ा में अचानक बाईक में आग लगने से सनसनी फैल गई है जिससे लोग दहशत में है।

# मंदसौर में आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा में पुष्कर गिरड़कर बने राज्य उप विजेता,

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंदसौर मे राज्य स्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर स्टेट टूर्नामेंट का आयोजन 2 से 7 मई तक किया गया, जिसमे जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी पुष्कर गिरड़कर ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा के उदयीमान खिलाड़ी पुष्कर गिरड़कर लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में भाग लेकर जिलों को गौरवांवित कर रहे है।




पुष्कर गिरड़कर ने अपने मैचों की श्रृंखला में लविन कुल्हाड़े (उज्जैन) लक्ष्य पांडेय (ग्वालियर) तनय जायसवाल (धार) को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मे खेले गए संघर्ष पूर्ण मैच में पुष्कर 2-1 से स्वर्णिम विकाश पाण्डेय (भोपाल) से पराजित होकर प्रदेश में 2 क्रम पर रहे। इसी के साथ छिंदवाड़ा की खुशी मालवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार मैच जीत कर अंतिम चक्र मे अपना स्थान सुनिश्चित किया।

खिलाड़ियों ने अपनी जीत व सफलता का श्रेय कोच एवं मार्गदर्शक जावेद खान, राकेश चौरसिया, रोनी मोदी, अरविंद गिरड़कर, विनय सिंह चंदेल, तरुण विश्वकर्मा, पवन मालवी को दिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के340 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से पुष्कर को 10,000 की राशि, प्रमाणपत्र एवं ट्राफी प्रदान की गई।

राज्य स्तर पर पुष्कर सहित जिले के खिलाड़ियों को मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन संघ पदाधिकारी राजेश अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह बैस, अभिषेक पटनी, दारा जुनेजा, परमजीत विज, प्रियकांत जुनेजा, डॉक्टर अनिल जैन, रवि अहिरवार, अजहर खान, असलम खान, जगदीश देशमुख ने शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

## सार समाचार

## दसवीं कक्षा की छात्रा श्रुति बागड़े ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर किया नाम रोशन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सुकलूढाना में अध्ययनरत छात्रा श्रुति बागड़े ने कक्षा 10 वी 92 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कु. श्रुति बागड़े गीता बाई बागड़े की सुपुत्री है जो दूसरों के घरों में जाकर बर्तन साफ करने का कार्य करती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के बावजूद भी श्रुति ने अपनी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से पूरी तरह से दूरी बनाते हुए अपनी पढ़ाई पर ध्यान दिया। श्रुति ने बताया कि उसे बड़े भाई, हर्ष, मां गीता बाई एवं शिक्षिका किरण सोनी सहित अन्य गुरूजनों का सहयोग प्राप्त हुआ जिससे वह यह मुकाम हासिल कर पायी। श्रुति ने बताया कि वह प्रतिदिन 4 घंटे पढ़ाई करती थी श्रुति की इस उपलब्धि से पूरा परिवार खुश और प्रसन्न है। सभी ने उसे उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी है श्रुति अब आगे गणित विषय लेकर पढ़ाई करना चाहती है।



## तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटर को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय के सामने गुरुवार दोपहर को एक तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा चालक सड़क पर गिर गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने से बच गया। घटना के बाद नशे में धुत बाइक चालक जमीन पर गिरकर माफी मांगता रहा। कोतवाली निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि आरोपित की पहचान अजानिया सारना निवासी मुकेश उइके 24 के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। जांच में पता चला कि वह शराब के नशे में महंगी स्पोर्ट्स बाइक चला रहा था। पुलिस ने आरोपित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में ताज्जुब की बात ये भी है कि युवक ने 5000 रुपए में बाइक गिरवी रखी हुई थी।

## नकुलनाथ पहुंचे वर-वधु को आशीर्वाद देने साहू परिवार में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 18 अप्रैल 2025 को शहर के व्यापारी व वरिष्ठ इंका नेता जिला कांग्रेस (इ.) के महामंत्री केशव साहू की सुपुत्री कृतिका साहू का विवाह इन्दौर के प्रो. गौरव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ, केशव साहू के नवनिमित निवास पदम काम्प्लेस में वर वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे और उन्हें बधाईयां दी। इस अवसर पर परिवार के कोमल साहू, घनश्याम साहू, ओजस्व, राहुल, सौरभ, चंदा साहू सहित इष्टमित्रगण जिसमें प्रमुख रूप से कैलाश पाटनी, जीत अरोरा, नगर निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मांगो, पं. गंगाप्रसाद तिवानी, अशोक राजपूत, गिरीश साहू, अविनाश साहू, जितेन्द्र साहू, पप्पू यादव शहर अध्यक्ष, शिव साहू सहित अनेकजन उपस्थित थे।



## कपरवाडी में बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के छात्र दीवार लेखन से कर रहे जागरूक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमति तृप्ती सिंह, श्रीमति लता नागले, जयप्रकाश सुर्यवंशी, आशीष साहू के नेतृत्व में विकासखण्ड छिंदवाडा के ग्रामों में जल स्त्रोतों के समीप मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम/ कार्यक्रम के विद्यार्थियों के द्वारा दीवार लेखन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सेक्टर क्र.- 1 के ग्राम पंचायत कपरवाडी व ब्रम्ही में एमएसडब्लू के स्टूडेंट प्रदीप कुमार विस्कोले, भीम सिंह चौरे के द्वारा दिवाल लेखन कर ग्रामिणो को संदेश दिया गया।



## जिया ने बढ़ाया मान, सेल्फ स्टडी पर दिया ध्यान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल की छात्रा जिया अली ने कक्षा 12 वीं कॉमर्स में सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ 91.4 प्रतिशत अंक लाकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया है। जिया ने स्कूल में नियमित पढ़ाई एवं योजनाबद्ध तरीके से सेल्फ स्टडी पर ध्यान देकर यह उपलब्धि हासिल की।



कक्षा 10वीं में भी उन्होंने 92.2 प्रतिशत अंक लाकर गौरवान्वित किया था। पढ़ाई के साथ-साथ जिया खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी आगे रहते आई हैं। भविष्य में वे सिविल सर्विस या बिज़निस सेक्टर में जाने की इच्छा रखती हैं।

अपनी उपलब्धि के लिए इन्होंने विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति बी. अनुराधा नायडू, एसोसिएट डायरेक्टर बी. अभिषेक नायडू व बी. आदर्श नायडू के उचित मार्गदर्शन, शिक्षकगणों के गुणवत्तापूर्ण अध्यापन एवं माता-पिता के अनुशासन व सपोर्ट के लिए आभार जताया। जिया अली की मम्मी तबस्सुम अली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पापा फिरोज़ अली बालाजी पब्लिक स्कूल में शिक्षक हैं।

## प्रखर राज अग्रवाल बने जिले के प्रथम चार्टर होल्डर

### सीएफए परीक्षा की उत्तीर्ण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रखर अग्रवाल पिता स्व. राजेश राजू राधेश्याम अग्रवाल, माता पुष्पा देवी राजेश अग्रवाल निवासी- गांधीगंज छिंदवाडा जिले के प्रथम चार्टर होल्डर बने। उन्होंने सी.एफ. ए. की परीक्षा उत्तीर्ण कर इस उपाधि को हासिल की है।



सी.एफ.ए. चार्टर धारकचार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट (सी.एफ.ए.) चार्टर रखने वाला व्यक्ति कहलता है, यह एक प्रतिष्ठित पेशेवर पदनाम है जो (सी.एफ.ए.) इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान किया जाता है, जो निवेश विश्लेषण और पोर्टफोलियो प्रबंधन में उच्च स्तर की क्षमता को दर्शाता है। इस परीक्षा को उम्मीदवार सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूरा कर अन्य व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करता है, उसे सी.एफ.ए. चार्टर से सम्मानित किया जाता है और वह सी.एफ.ए. चार्टर-धारक बन जाता है।

सी.एफ.ए. चार्टर प्राप्त करना एक अत्यधिक चयनात्मक प्रक्रिया है। पाँच में से एक से भी कम उम्मीदवार (सी.एफ.ए.) चार्टर धारक बन पाते हैं, और हमारे जिले प्रखर अग्रवाल राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में शामिल होने वाले जिले के एकमात्र विद्यार्थी हैं, जिन्होनें यह परीक्षा उत्तीर्ण कर इस उपाधि को प्राप्त किया है। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माताजी श्रीमती पुष्पा, बड़े पापा दिनेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल एवं चाचा विजय अग्रवाल सहित सभी परिवारजन एवं हितैषियों को दिया।

# पूर्व सांसद नकुलनाथ ने युवाओं को सौंपे चयन पत्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर्थिक परेशानियों के बीच महानगरों में रहकर उच्च शिक्षा हासिल करना सभी के लिए संभव नहीं होता। विषम परिस्थितियों के चलते प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कई बार उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे युवाओं को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने उठाया था। नेताद्वय के प्रयासों से चयनित छात्र-छात्राओं को इंदौर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की गई।

नारियल बेचने से लेकर ठिलिया चलाकर परिवार का भरण पोषण करने के साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना संभव नहीं था। इस महंगाई के दौर में बड़े शहरों व महानगरों में रहकर पढ़ाई करना भी संभव नहीं है, किन्तु जरूरतमंद छात्र-छात्राओं की आंखों में उच्च शिक्षा पाकर नौकरी करने का सपना था।

उस सपने को कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने साकार किया तो परिजनों की खुशी बढ़ गई और यह खुशी उस वक्त दोगुनी हो गई जब युवा 3 से 7 लाख रुपए के पैकेज पर राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनी में नौकरी के लिए चयनित हो गए।



## रोजगार से जुड़े युवा तो परिजन व पालकों के खुशी से छलके आंसू

उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे, उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा, क्योंकि नेताद्वय के प्रयासों से नामुमकिन भी मुमकिन में तब्दील हो गया। पालक परिजनों ने सर्वप्रथम कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

**नकुल-कमलनाथ के प्रयासों से पाई उच्च शिक्षा**

इंदौर के रेनेसॉ यूनिवर्सिटी से जिले के प्रणय मजूमदार, त्रिवेन्द्र नारेकर, निहाल गुलेरिआ, रोहित गिडवानी, सर्वेश उइके, मिथिल कुमार राउत, मोहम्मद एजाज मंसूरी व पराग रघुवंशी ने नि:शुल्क उच्च शिक्षा नकुल-कमलनाथ के प्रयासों से प्राप्त की।

इसके पश्चात इन युवाओं का राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनी में चयन हुआ है। चयनित युवाओं के परिजन व पालकगण को नकुलनाथ ने चयन पत्र प्रदान किए तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। चयन पत्र प्राप्त करने के उपरांत उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि बड़े व महंगे कॉलेज से शिक्षा दिलाना उनके लिए संभव नहीं था, यह तो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से ही संभव हो पाया है।

**नकुलनाथ ने व्यक्त की प्रसन्नता**

नकुलनाथ ने विभिन्न कम्पनियों में चयनित युवाओं एवं उनके अभिभावकों को चयन पत्र सौंपकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चयनित युवाओं के उज्जवल व स्वार्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित युवाओं से कहा कि वे मन लगाकर कार्य करें और निरंतर तरक्की करें। इस दौरान सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन की डॉयरेक्टर श्रीमती कीर्ति सोनी, मनोज सोनी व आदित्य सेठिया उपस्थित रहे।

# घायल की मदद के लिए तत्परता से आगे आएं : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपने दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के मानवीय पहलू से सभी परिचित हैं। एक बार फिर सांसद श्री साहू ने अपने संवेदनशील होने का परिचय दिया है। दरअसल सांसद साहू पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के कार्यक्रम उपरांत हर्रई से छिंदवाड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी नज़र सड़क किनारे पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी, जो जख्मी हालत में दर्द से कराह रहा था।

सांसद साहू ने फौरन अपनी गाड़ी रुकवाई और घायल की मदद के लिए तत्परता से आगे आए। सांसद श्री साहू ने तत्काल एंबुलेंस को बुलाने के लिए फोन किया। सिर्फ इतना ही नहीं एंबुलेंस आने तक वे घायल को दिलासा देते हुए एंबुलेंस का इंतजार करते रहे।



जैसे ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची सांसद श्री साहू ने इस दुर्घटना में घायल आजीविका मिशन में हर्रई में पदस्थ नोडल अधिकारी देवानंद दाहिया को अपने साथियों की मदद से एंबुलेंस के स्ट्रेचर पर लेटा कर अस्पताल पहुंचाया। सांसद की इस संवेदनशीलता की सभी लोग तारीफ कर रहे है।

# छिन्दी में पंच परमेश्वर सम्मेलन आयोजित

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद विवेक साहू व भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव रहे मौजूद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल छिंदवाड़ा जिले के दौरान जनपद पंचायत तामिया की ग्राम पंचायत छिन्दी में आयोजित पंच-परमेश्वर सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था में पंचों को परमेश्वर की उपाधि दी थी, जिससे उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों का महत्व स्पष्ट होता है।

मंत्री श्री पटेल ने सम्मेलन में उपस्थित सरपंचों और पंचों से कहा कि हम सभी को अपने अधिकारों की बात के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझना और निभाना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में लगभग 2800 नए ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्रामों में सामुदायिक भवन भी शीघ्र बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समुचित स्थान मिल सके।

मंत्री श्री पटेल ने यह भी बताया कि अब ग्राम पंचायतों के सरपंच पहले की तुलना में अधिक राशि खर्च कर सकेंगे।






पहले उन्हें 15 लाख रूपये तक के कार्यों की अनुमति थी, जो अब बढ़ाकर 25 रू लाख कर दी गई है।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, शेषराव यादव, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, अजय सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में पंच सरपंच व ग्रामीण मौजूद थे जिन्होंने पंच परमेश्वर सम्मेलन का मतलब और उसका उद्देश्य जाना। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर में नपानि का अतिक्रमण दस्ता कर रहा है भेदभाव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में यूं तो अतिक्रमण हटाओं अभियान तत्कालीन प्रभारी आयुक्त और अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे के समय से चलाया गया है। लेकिन उस समय अतिक्रमण अभियान में भेदभाव नहीं था। लेकिन अब अतिक्रमण अभियान न केवल भेदभाव किया जा रहा है अपितु जान बूझकर जहां अतिक्रमण हटाने योग्य नहीं है और नपानि के दुकानों के छत और छज्जे के नीचे दुकानें है, जहां ट्राफिक प्रभावित नहीं होता है वहां न केवल जबरिया अतिक्रमण हटाया जा रहा है7

व्यापारियों से जुज्जत कर बिना बताऐं अचानक ही लूट होती है ऐसे झूमकर लोग दुकानों का सामान वाहन में भर लेते है। इतना ही नहीं अतिक्रमण दल में शामिल कुछ कर्मचारी व्यापारियों से अत्याधिक बदत्तमिजी करते नजर आते है।

कल 8 मई को फव्वारा चौक में जान बूझकर पॉच दुकानों के कार्टून, पुतला और सामग्री न केवल गाड़ियों में भरे बल्कि उनसे भरपूर हुज्जत भी की जिसके लिए कार्यपालन यंत्री और कमिश्नर को भी फोन खटखटाया गया। जबकि फव्वारा चौक में गांधी पुतले के आसपास और अन्य मार्गो पर दुकानें लगी हुई है वहां पर अतिक्रमण दस्ता कभी नहीं गया जो वास्तव में अतिक्रमण है। जेल काम्पलेक्स का फुटपाथ अतिक्रमण में घिरा है लेकिन कभी नहीं हटाया गया जिससे व्यापारियों में काफी आक्रोश है।

## सार-समाचार

### सांसद ने भारतीय सेना की वीरता और साहस को किया नमन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने भारतीय सेना द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर पर मिली सफलता के लिए भारतीय सेना की वीरता और कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं को लगातार सफलता मिल रही है। सांसद श्री साहू ने कहा कि पहलगाम सहित अभी तक हुए आतंकवादी हमले में मारे गए शहीदों और उनके परिजनों को सही मायने में आज शांति मिली है।

आज दुनिया ने भारत की ताकत को पहचान लिया है। भारतीय सेना द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन से आंतकवादी और पाकिस्तान के होश उड़ गए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय सेनाओं को खुली छूट देते हुए कहा गया था कि आप तय करे कब क्या करना है।

इसी का परिणाम है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल करके दिखाया। सांसद श्री साहू ने कहा कि भारत शांतिप्रिय देश है लेकिन यदि हमारे देश और देशवासियों को कोई चोट पहुंचायेगा तो उसका मुंह तोड़ जवाब भी उन्हें मिलेगा।

### एसडीओ के नेतृत्व में चलाया रेस्क्यू रहा असफल, नहीं बच पाई टाइगर की जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विभाग की लापरवाही व किसानों का शासन के आदेशों को न मानना जानवरों के लिए खतरा साबित हो रहा है। पानी की तलाश में भटका बाघ दाबाझिरी ग्राम में खेत के कुआं में गिर गया था जिसके बाद लगभग 5 घंटे एस.डी.ओ. के नेतृत्व में रेस्क्यू जारी रहा जिसके बाद बाघ को कुआं से बाहर निकाल लिया गया पर अफसोस विभाग की कुछ लापरवाही के सबब लगभग रात के 11 बजे के आसपास खवासा ले जाते वक्त टाइगर की जान चली गई, हालाकि रेस्क्यू जल्द पूर्ण हो जाता तो शायद टाइगर की जान बच सकती थी।

बताया जा रहा है कि कुआं से बाहर निकालने के तुंरत बाद टाइगर को उचित उपचार मिल जाता तो शायद बच जाता क्यों कि टाइगर कुआं से निकालने के बाद लगभग 1 घंटे जिंदा रहा हालाकि की बताया जा रहा है कि क्रेन मशीन भी थोड़ी देरी से पहुंची थी जिस कारण भी रेस्क्यू में वक्त लग गया।

### नपानि आयुक्त एवं कार्यपालन यंत्री ने देखा इंटकवेल का गहरीकरण कार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा जम्होडीपण्डा स्थित इंटक वेल के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस इंटक वेल से ही धरम टेकडी स्थित फिल्टर प्लांट का संचालन किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली एवं सहायक यंत्री विवेक चौहान ने नहर के गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### सांसद ने आगजनी से पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू हर्रई के दौरे से लौटकर बीसापुर कलां पहुंचे, जहां उन्होंने आगजनी से पीड़ित परिवारों से भेंट कर उन्हें 50 हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता दी। मंगलवार की मध्य रात्रि ग्राम बीसापुर कलां के अरुण बोरकर, अर्जुन बोरकर, देवेंद्र बोरकर, नामदेव बोरकर, राहुल बोरकर के मकान आग लगने से पूरी तरह जलकर खाक हो गए थे।

इस आगजनी की घटना से दुखी सांसद श्री साहू बीसापुर कलां पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सांसद श्री साहू ने अपनी ओर से व्यक्तिगत रूप से पीड़ित पांचों परिवारों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तुरंत प्रदान की एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मुआवजे के लिए आगे की कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देशित किया। इस दुख की घड़ी में सांसद श्री साहू ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया है जिसके लिए हितग्राहियों ने आभार माना है।

# 36 विद्यार्थी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक हैं सभी खिलाड़ी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संभाग द्वारा आयोजित 54वीं संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल से 1 मई 2025 तक जबलपुर संभाग के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गईए जिसमें विद्यालय के 150 छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 52 पदक जीते।

एथलेटिक्स में मनु वर्मा ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में 3 स्वर्ण पदक, श्रुति दुबे ने इन्हीं वर्गों में 3 रजत पदक, राजवीर इवनाती ने 200 मीटर में स्वर्ण, 100 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में 2 रजत पदक, वेदांत अशोलकर ने हेमर थ्रो में रजत और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीते।

इसके अतिरिक्त अंडर-14 बालक हैंडबॉल टीम और अंडर-17 बालक क्रिकेट टीम ने स्वर्ण, तथा अंडर-14 क्रिकेट टीम ने रजत पदक हासिल किया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के



आधार पर विद्यालय के 36 छात्र-छात्राओं का चयन 54 वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसमें एथलेटिक्स, शतरंज, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, फुटबॉल, हैंडबॉल और क्रिकेट जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों में प्रमुख नाम मनु वर्मा, राजवीर इवनाती, अनुराग पवार, आरव कोष्टा, आस्था डोले, अनुज पहाड़े, अभिजीत सिंह राजपूत, अथर्व नाग, वैष्णवी टेकाम, ओजस्व मेहरा (कप्तान), अथर्व त्रिपाठी (कप्तान) आदि हैं।

विद्यालय लौटने पर इन सभी प्रतिभागियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने पदक विजेताओं को सम्मानित किया और अपने संदेश में विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, लेकिन सफलता का मूल कारण विद्यार्थियों की लगन और परिश्रम है।

उन्होंने विद्यालय के खेल शिक्षकों पंकज शर्मा, शिवा, कोच मेखिला सरवैया, पंकज शाक्य, योग शिक्षक दीनानाथ पवार और हीना पवार के योगदान को भी महत्वपूर्ण बताया, जिन्होंने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।

विद्यालय प्रशासन ने आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं और एस.जी.एफ.आई स्तर पर चयन सुनिश्चित करने के लिए और अधिक मेहनत करने का संदेश दिया है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि छिंदवाड़ा जिले को भी गौरवान्वित किया है।

# ग्राम झामटा में की तालाब की सफाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 की नवांकुर संस्था मानव जल कल्याण सेवा समिति बिछुआ के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन पर जागरूकता कार्यक्रम जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन मे किया गया। संस्था के सचिव मनोज जैन ने बताया की आयोजित श्रमदान शिविर मे विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम, परामर्शदाता श्यामल राव, लक्ष्मी धर माहोरे, नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समीति मल्टी परपस जनप्रयास शोसल वेलफेयर सोसायटी पिपरिया कला के सदस्यों ने भाग लिया।



श्रमदान के उपरांत जल संवाद करते हुए परामर्शदाता श्यामलराव ने बताया की उक्त तालाब के निर्माण से स्थानीय स्तर पर जल का वाटर लेबल बना रहता है ओर उस क्षेत्र के आस पास के विभिन्न ग्रामो सहित बिछुआ नगर पालिका क्षेत्र मे निवासरत लोग उक्त तालाब मे धार्मिक आयोजन भुजलिया, ज्वारे एवं मूर्ति विसर्जन जैसे कार्यो का सम्पादन करते है। बरसात के समय पानी का भराव रहता है और अप्रैल के माह मे तालाब का पानी खत्म हो जाता है जिसका मुख्य कारण यह है की उक्त तालाब मे गाद की मिट्टी भर जाने से जल का भराव अधिक नहीं हो पा रहा है। इसलिए आज जन अभियान परिषद के सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र नवांकुर समिति एवं ग्रामीणों की सहभागिता से तालाब की गाद को श्रमदान कर निकाला गया जिससे आने वाले समय मे पर्याप्त जल का भराव अच्छा होगा और उस क्षेत्र का जल स्तर भी बढेगा।

विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम ने बताया की जल गंगा संवर्धन अभियान के 90 दिवसीय आयोजन में विकास खंड की नवांकुर समीति, परामर्शदाता एवं सी.एम.सी.एल. डी.पी. के छात्र निरंतर अपने अपने परियोजना क्षेत्रो मे जाकर विभिन्न गतिविधियों मे दीवार लेखन श्रमदान, स्वच्छता, रैली हस्ताक्षर अभियान, प्रदर्शनी का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रही है।

आयोजन को सफल बनाने मे संस्था के पदाधिकारी विजय वर्मा, भजनलाल वर्मा, मनोज जैन, बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम. एस.डब्ल्यू. के छात्र/छात्राऐं प्रीति साहू, राजवती उईके, अश्वविनी बाचेकर, रामदेवी मरकाम, पप्पू चौरिया, राजकुमार साखरे, कविता उईके, चांदनी बैठवार, अरुण धुर्वे, पूनम कड़वे, जितेन्द्र बंदेवार का सराहनीय सहयोग रहा ।

# जुन्नारदेव के वॉलीबाल शिविर में पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल, कहा, जीवन में संघर्ष की सीख देता है खेल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जुन्नारदेव में चल रहे ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें खेलों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, श्रीमती गरिमा दामोदर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मैदान से जुड़ाव हमें संघर्ष करना सिखाता है और यही संघर्ष आगे चलकर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है। छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्व बताते हुए उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास करते रहने का आह्वान किया। मंत्री श्री पटेल ने आयोजन समिति को 37 वर्षों से निरंतर इस शिविर का सफल आयोजन करने के लिए बधाई भी दी।

उल्लेखनीय है कि यह नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर वर्ष 1989 में स्व. एस.एस. शर्मा द्वारा प्रारंभ किया गया था, जो अब जुन्नारदेव की पहचान बन चुका है। इस वर्ष भी यह शिविर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में संचालित हो रहा है, जिसमें करीब 250 छात्र-छात्राएं नौ मैदानों पर 50 वॉलीबॉल के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं।

प्रशिक्षकों में अनुरोध शर्मा, अनुराग शर्मा, धनंजय चौरसिया, राजीव गौतम, आकिब खान, परितोष चौरसिया, संजय बामने, नमन साहू, विभा तारण और सादिक कुरैशी आदि उपस्थित थे।



### नेशनल लोक अदालत कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशांत हुद्दार की अध्यक्षता में 10 मई 2025, दिन शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ए.डी.आर. भवन छिन्दवाड़ा में प्रात: 10:30 बजे नेशनल लोक अदालत के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। जिला न्यायाधीश/सचिव राकेश सिंह ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### अभिषेक को मध्य उप ब्लाक का क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी के मध्य उप ब्लॉक क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व शहर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी धर्मेन्द्र सोनू मागो व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव की सहमति उपरांत व मध्य उप ब्लॉक के प्रभारी शैलू मिश्रा एवं अध्यक्ष ब्रजेश टिंकू राय के द्वारा अभिषेक गुप्ता को मध्य उप ब्लॉक का क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत कर बुधवारी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक वार्ड नम्बर 23, 27 व 29 की जिम्मेदारी सौंपी है।

नकुलनाथ ने अभिषेक गुप्ता को नियुक्ति पत्र प्रदान कर राजनीतिक क्षेत्र में उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपनी नियुक्ति के प्रति पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही कहा है कि वे अपनी पूरी मेहनत के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए लोगों से मिलकर कांग्रेस और नेताद्वय का हाथ मजबूत करेंगे। अभिषेक गुप्ता की नियुक्ति पर सभी क्षेत्रवासियों सहित उनके सहयोगियों ने बधाई प्रेषित की है।